**Regarding development of polytechnic college in Chandoli Parliamentary Constituency under Amrit Yojana**

श्री वीरेन्द्र सिंह **(**चन्दौली**) :** महोदय, आपने मुझे मेरे क्षेत्र के महत्वपूर्ण मुद्दे को उठाने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

भारत सरकार तकनीकी और कौशल विकास के क्षेत्र में कई रोजगारपरक कार्यक्रम चलाने का प्रयास कर रही है, लेकिन हमारे लोक सभा क्षेत्र चन्दौली में महेन्द्र पॉलिटेक्निक कॉलेज, जो सबसे पुराना कॉलेज है, उसकी स्थिति बड़ी ही दयनीय है । वहाँ पर सारा इंफ्रास्ट्रक्चर खत्म हो चुका है । मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि समाजवादी पार्टी के मुखिया माननीय अखिलेश यादव जी ने हमारे क्षेत्र में बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किया था, लेकिन आज तक वहाँ पर मूलभूत सुविधाएँ नहीं हैं । वहाँ न तो अच्छे डॉक्टर हैं और न ही वहाँ जाँच हो पाती है । इसलिए वहाँ हमारे क्षेत्र के लोगों को पूरा लाभ नहीं मिल पाता है । मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान देश के सबसे महत्वपूर्ण संस्थान पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा बनाये गए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ कि 5 वर्ष से अधिक का समय हो गया है, लेकिन वहाँ पर अभी तक एग्जीक्यूटिव काउंसिल का गठन नहीं हुआ है, जिसके कारण एकल आदेश से माननीय कुलपति ने नियुक्ति से लेकर डेवलपमेंट तक के सारे फैसले लिए हैं । यहाँ तक कि माननीय शिक्षा मंत्री जी कई बार वहाँ गए, उन्होंने एम्स का दर्जा देने के लिए बात कही, लेकिन वहाँ न तो कर्मचारियों के लिए कोई सुविधा न हो पायी ।

माननीय सभापति **:** धन्यवाद ।

माननीय एडवोकेट प्रिया सरोज जी ।

? (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंह **:** महोदय, आप विसंगति मत कीजिए ।? (व्यवधान) आप उधर के लोगों को टाइम देते हैं, हमें दो मिनट का समय भी नहीं देते हैं ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री वीरेन्द्र सिंह **:** महोदय, हमें अपनी बात पूरी करने दीजिए । मैं अपनी माँग तो कर लूँ ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप अपनी माँग कर लीजिए । आपका माइक ऑन है, आप अपनी माँग कर लीजिए।

? (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंह **:** महोदय, मैं आपसे माँग करता हूँ कि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के एकल आदेश के आधार पर जो भी अनियमितताएँ वहाँ हुई हैं, उनकी संसदीय समिति से जाँच करायी जाए । बाबा कीनाराम मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएँ की जाएं तथा महेन्द्र पॉलिटेक्निक, जो हमारा बहुत ही पुराना, प्रतिष्ठित चन्दौली का कॉलेज है, उसे अमृत योजना के तहत रिहैबिलिटेट किया जाए । यही माँग करते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ ।